(4)

1.5

# NOTE FOR JUSTI FICATION

## परियोजना का नामः— जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर के विकासखण्ड ताकुला के अन्तर्गत मनान से चन्द्रपुर तक लिंक मोटर मार्ग का नव निर्माण (लम्बाई 2.00 किमी०)

उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग कौसानी–सोमेश्वर–अल्मोड़ा के पी०एम०जी०एस०वाई० के मनान से बामनीगाड मोटर मार्ग के अन्तिम बिन्दु (किमी०–6.500) से प्रारम्भ होकर ग्राम–चन्द्रपुर को जोड़ता है। जिसकी कुल आबादी **120** है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी। गांव में चिकित्सालय तथा विद्यालय खुलने के और नए अवसर मिलेंगे। ग्रामवासी अपने उत्तपादित फल, सब्जी, अनाज आदि को बाजार तक बिना किसी कठिनाई के ले जा पाएंगे साथ ही गांव विकास की ओर अग्रसर होगा एवं स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे एवं ग्रामवासियों का पलायन भी रूकेगा।

यह समरेखन आरक्षित भूमि 1.62 है0, कुल 1.62 है0 वनभूमि तथा नाप भूमि 0.180 है0 से होकर गुजरता है। अन्य किसी श्रेणी की भूमि प्रभावित नहीं होती है। समरेखन के अन्तर्गत कोई मकान, मस्जिद, कब्रिस्तान का भाग नही पड़ता है।

उक्त मोटर मार्ग की प्रस्तावित लम्बाई 2.00 है तथा मार्ग की चौड़ाई 9.00 मीटर ली गई है। मार्ग के निर्माण में कुल 1.62 है0 आरक्षित वनभूमि तथा नाप भूमि 0.18 है0 प्रभावित होती है, उक्त प्रयोजनार्थ इस भूमि हेतु न्यूनतम समरेखणों पर विचार किया गया है।

**समरेखन नं0 1:–** यह समरेखन कौसानी–सोमेश्वर–अल्मोड़ा के पी0एम0जी0एस0वाई0 मनान से बामनीगाड मोटर मार्ग के अन्तिम बिन्दु (किमी0–6.500) से प्रारम्भ होकर ग्राम–चन्द्रपुर को जोड़ता है। इस समरेखन में प्रस्तावति मार्ग की लम्बाई 2.00 किमी0 आती है। इस समरेखन में एच0पी0 बैण्ड नहीं आते हैं तथा तकनीकी दृष्टि से मार्ग का ग्रेड सही है। इस समरेखन में इस समरेखन में आरक्षित भूमि एवं नाप भूमि आ रही है। इस समरेखन में ग्रामवासियों की सहमति प्राप्त है तथा ग्राम चन्द्रपुर लाभान्वित होता है।

**समरेखन नं0 2:–** यह समरेखन कौसानी–सोमेश्वर–अल्मोड़ा के पी0एम0जी0एस0वाई0 मनान से बामनीगाड मोटर मार्ग के अन्तिम बिन्दु (किमी0–6.500) से प्रारम्भ होकर ग्राम–चन्द्रपुर को जोड़ता है। इस समरेखन में प्रस्तावित मार्ग की लम्बाई 2.00 किमी0 आती है। इस समरेखन में एच0पी0 बैण्ड नहीं आते हैं तथा तकनीकी दृष्टि से मार्ग का ग्रेड सही नहीं है। इस समरेखन में आरक्षित भूमि एवं नाप भूमि आ रही है। इस समरेखन में ग्रामवासियों की सहमति प्राप्त नहीं है तथा ग्राम चन्द्रपुर लाभान्वित होता है।

उक्त को ध्यान में रखते हुए समरेखण नं0 2 को निरस्त कर समरेखण 01 को अधीक्षण अभियन्ता द्वारा अनुमोदित किया गया है। उक्त मोटर मार्ग के निर्माण में 1.62 है0 आरक्षित भूमि प्रभावित होती है जो न्यूनतम है। मोटर मार्ग की प्रस्तावित लम्बाई 2.00 तथा चौड़ाई 9.00 मीटर में ली गई हैं। उक्त भूमि में मोटर मार्ग का निर्माण करने से पूर्व यह प्रस्ताव गठित कर स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

अतः प्रस्तावित आरक्षित भूमि का हस्तान्तरण प्रस्ताव स्वीकृत करने की कृपा करें।

(नीरज कुमार)
कनिष्ठ अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा

(जे0सी0पाण्डे)
सहायक अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा

(आशुतोष कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा

वनक्षेत्राधिकारी,
सोमेश्वर रेन्ज

प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग,
अल्मोड़ा

उप प्रभागीय वनाधिकारी
अल्मोड़ा उप वन प्रभाग, अल्मोड़ा